भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2891
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026

बीएसएनएल के पुनरुद्धार पैकेज का कार्यान्वयन

2891 **श्रीमती जेबी माथेर हीशमः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) वर्ष 2021-22 से लेकर आज की तिथि तक भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पुनर्जीवन, पुनर्गठन और विस्तार के लिए आवंटित, जारी और प्रयुक्त की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) देश में वर्तमान में प्रचालनात्मक बीएसएनएल 4जी स्थलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है, और इनमें ऐसे स्थलों की संख्या और स्थान का ब्यौरा क्या है जो प्रचालनात्मक हैं और 5जी स्तरोन्नयन के लिए तैयार हैं;
(ग) वर्ष 2021-22 से लेकर आज की तिथि तक बीएसएनएल द्वारा अर्जित राजस्व, निवल लाभ और हानि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) दूरसंचार क्षेत्र में बीएसएनएल की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ङ) वर्ष 2021-22 से लेकर आज की तिथि तक बीएसएनएल के मोबाइल, ब्रॉडबैंड फाइबर टू द होम (एफ़टीटीएच) और लैंडलाइन उपभोक्ताओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (घ) सरकार ने बीएसएनएल को मजबूत करने, संचालन की व्यवहार्यता, प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने, पूरे भारत में दूरसंचार और ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार करने,

परिचालन लागत को कम करने और स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए, ऋण पुनर्गठन के लिए दीर्घावधि सॉवरेन गारंटी बांड (एसजीबी) जुटाने के लिए 31,328 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी सहित बीएसएनएल के लिए लगभग 3.18 लाख करोड़ रुपये के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दी है, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है:

i. 2019 में, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारी लागत में कमी, एसजीबी को जुटाकर ऋण पुनर्गठन, पूंजी निवेश के माध्यम से स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन के लिए लगभग 58,281 करोड़ रुपये का पहला पुनरुद्धार पैकेज दिया गया था।

ii. 2022 में, लगभग 1,62,185 करोड़ रुपये का पुनरुद्धार पैकेज दिया गया था। इसमें पूंजी निवेश के माध्यम से स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन, एजीआर बकाया के निपटान के लिए सहायता, कैपेक्स मांग हेतु सहायता, ग्रामीण वायरलाइन प्रचालन कार्यों के लिए व्यवहार्यता गैप फंडिंग, एसजीबी को जुटाकर ऋण पुनर्गठन और प्राथमिकता शेयर पूंजी का फिर से ईशू निकालने पर फोकस किया गया था।

iii. 2023 में, सरकार ने लगभग 89,047 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को मंजूरी दी।

iv. 2025 में, बीएसएनएल द्वारा पूरे देश में 4जी नेटवर्क के रोलआउट के लिए अतिरिक्त कैपेक्स सहायता के रूप में 6,982 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है।

(ख) आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप, 31.07.2026 तक, बीएसएनएल ने योजनाबद्ध एक लाख ऐसी साइटों में से अखिल भारतीय आधार पर 98,557 स्वदेशी 4जी साइटें संस्थापित की हैं, जिनमें से 97,213 4जी साइटें ऑन एयर हैं। 4जी साइटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।

(ग) 2021-22 से बीएसएनएल द्वारा दर्ज कुल आय, निवल लाभ या हानि का वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध-II के रूप में संलग्न है।

(ङ) 2021-22 से बीएसएनएल के मोबाइल, ब्रॉडबैंड, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) और लैंडलाइन ग्राहकों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध-III में दिया गया है।

राज्य सभा के दिनांक 13.08.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 2891 का अनुबंध-।

31.07.2026 तक, 4जी साइटों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र. सं.	सर्किल	योजनाबद्ध 4जी टावरों की संख्या	संस्थापित किए गए 4जी टावरों की संख्या	शुरु किए गए 4जी टावरों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	334	276	268
2	आंध्र प्रदेश	6132	6126	6098
3	असम	2404	2338	2267
4	बिहार	2958	2958	2935
5	छत्तीसगढ़	2961	2948	2907
6	दिल्ली	1886	1123	954
7	गुजरात	4718	4710	4707
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	72	72	72
9	हरियाणा	2056	2056	2056
10	हिमाचल प्रदेश	2019	2005	2005
11	जम्मू और कश्मीर	1843	1790	1748
12	लद्दाख	404	402	343
13	झारखंड	2887	2886	2876
14	कर्नाटक	5393	5376	5375
15	केरल	6886	6886	6886
16	लक्षद्वीप	47	47	47
17	मध्य प्रदेश	4965	4959	4804
18	महाराष्ट्र	9890	9725	9545
19	गोवा	248	248	246
20	मेघालय	518	478	453
21	मिज़ोरम	188	175	144
22	त्रिपुरा	572	563	556
23	अरुणाचल प्रदेश	959	927	589
24	मणिपुर	382	345	336
25	नागालैंड	516	498	478
26	ओडिशा	5925	5887	5801

27	पंजाब	3598	3598	3598
28	चंडीगढ़	138	138	138
29	राजस्थान	5665	5665	5665
30	सिक्किम	175	135	123
31	तमिलनाडु	7323	7323	7323
32	पुडुचेरी	209	209	209
33	तेलंगाना	3059	3052	3047
34	उत्तराखंड	1818	1808	1792
35	उत्तर प्रदेश	6920	6910	6910
36	पश्चिम बंगाल	3932	3915	3912
कुल		**100000**	**98557**	**97213**

राज्य सभा के दिनांक 13.08.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 2891 का अनुबंध-II

2021-22 से बीएसएनएल द्वारा दर्ज कुल आय, निवल लाभ या हानि का वर्ष-वार ब्यौरा

		रू. करोड़ में
वित्त वर्ष	**अर्जित राजस्व**	**निवल लाभ/ (हानि)**
2021-22	19,053	(6,982)
2022-23	20,699	(8,161)
2023-24	21,302	(5,371)
2024-25	23,427	(2,247)
2025-26	25,049	(4,738)

राज्य सभा के दिनांक 13.08.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 2891 का अनुबंध-III

2021-22 से बीएसएनएल के मोबाइल, ब्रॉडबैंड, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) और लैंडलाइन ग्राहकों का वर्ष-वार विवरण

वर्ष-वार तिथि	बीएसएनएल का राज्य-वार ब्यौरा आकड़े मिलियन में					
		ब्रॉडबैंड			एफटीटीएच	लैंडलाइन
	वायरलेस	वायर्ड बीबी	वायरलेस बीबी	कुल बीबी		
मार्च 22	113.72	3.85	23.34	27.19	2.14	7.51
मार्च 23	103.72	3.60	21.77	25.37	3.01	7.11
मार्च 24	88.61	4.05	20.65	24.7	3.78	6.50
मार्च 25	91.93	4.34	30.23	34.57	4.19	7.68
मार्च 26	92.94	4.51	22.86	27.37	4.42	7.46

****